Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to construct an indoor stadium for cultural and sports activities in Pratapgarh parliamentary constituency, Uttar Pradesh.

कुँवर हरिवंश सिंह (प्रतापगढ़) ः मेरे संसदीय क्षेत्र प्रतापगढ़ में ऐतिहासिक एवं पौराणिक ग्राम-अजगरा धाम, रानीगंज, जनपद-प्रतापगढ़ (उ.प्र.) महाभारत कालीन यक्ष-युधिऐठर संवाद स्थल है, जिसकी लोकप्रियता से जन भावना जुड़ी हुई है। यहाँ पर प्रत्येक वऐन्न आयोजित होने वाले 3 दिन के कार्यक्रम जिसमें सांस्कृतिक, सामाजिक तथा तरह-तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन होता है, एवं ग्रामीण प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जाता है, जो प्रतिभाएं प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय आते हैं उन्हें पुरस्कृत करते हुए सहभागिता करने वाले को भी सम्मानित किया जाता है।

यहाँ पर एक पौराणिक तालाब और एक वट वृक्ष है, जहाँ यक्ष-युधिऐठर संवाद हुआ था। सफाई के दौरान यहाँ पर महाभारत कालीन अवशेऐ प्राप्त हुए जिसका संग्रहालय बना हुआ है। यह स्थल करीब 5 एकड़ भूमि में फैला है।

मैं सरकार से यह मांग करता हूँ कि यहां पर एक सामुदायिक केद्र, रंगमंच भवन व खेल-कूद प्रतियोगिताओं हेतु इंडोर स्टेडियम एवं ऐतिहासिक स्थल को पर्यटन के लिए भारत सरकार द्वारा कृऐणा सर्किट प्रोजेक्ट या महाभारत कालीन योजना में सम्मिलित करते हुए प्रस्तावित योजना हेतु केद्र सरकार धन स्वीकृत करते हुए इसे पर्यटन के रूप में विकसित करे।